समाचार वाणी
ख़बर जो करें असर !

नाशिक | Thursday, 24 September 2026

# राजस्थान से राज्यसभा निर्विरोध निर्वाचित डॉ. सतीश पूनिया एवं डॉ. अलका गुर्जर को सुशील जोशी ने दी बधाई, कहा- संसद मे मंजबूती से उठेगी प्रदेश की आवाज

राजेश चौधरी

Published on 12 Jun 2026




राजेश चौधरी | जयपुर, राजस्थान | समाचार वाणी न्यूज़
राजस्थान से राज्यसभा सदस्य के रूप में डॉ. सतीश पूनिया एवं डॉ. अलका गुर्जर के निर्विरोध निर्वाचित होने पर भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा हनुमानगढ़ के जिला अध्यक्ष एवं भाजपा जिला मंत्री **सुशील जोशी** ने दोनों नेताओं को हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं प्रेषित की हैं।

सुशील जोशी ने कहा कि डॉ. सतीश पूनिया का व्यापक संगठनात्मक अनुभव और डॉ. अलका गुर्जर का जनसेवा के प्रति समर्पण राज्यसभा में राजस्थान का गौरव बढ़ाने का कार्य करेगा। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि दोनों वरिष्ठ नेता अपने अनुभव, नेतृत्व क्षमता और जनहित के प्रति प्रतिबद्धता के बल पर प्रदेश की आवाज को राष्ट्रीय स्तर पर प्रभावी ढंग से उठाएंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा के ये दोनों प्रतिनिधि संसद में राजस्थान की जनता की अपेक्षाओं और विकास से जुड़े मुद्दों को मजबूती से रखेंगे तथा प्रदेश के सर्वांगीण विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

सुशील जोशी ने आगे कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विकसित भारत और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में विकसित राजस्थान के संकल्प को साकार करने में दोनों सांसदों का योगदान महत्वपूर्ण रहेगा। राज्यसभा में उनका अनुभव और मार्गदर्शन प्रदेश को नई दिशा और नई ऊंचाइयां प्रदान करेगा।

उन्होंने दोनों नेताओं के सफल संसदीय कार्यकाल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि उनका निर्विरोध निर्वाचन संगठन की मजबूती, जनविश्वास और नेतृत्व की स्वीकार्यता का प्रतीक है।

DISCLAIMER: the views/contents expressed/presented herein, within this advertorial and promotional feature are the sole and exclusive responsibility of individual clients/expert/their authorised representative/राजेश चौधरी, to which effect, publication house/its representative/affiliates are not responsible/liable whatsoever.